रुपये की आय में 18652 करोड़ रुपये की आय सेंट्रल जीएसटी खाते में हुई है। 25704 करोड़ रुपये की आय आईजीएसटी इसमें 21246 करोड़ रुपये 32493 करोड़ तथा 40257 करोड़ रुपये की आय सीजीएसटी व एसजीएसटी के अंतर्गत प्राप्त हुई है।

– वाणिज्य डेस्क

# चीन ने बीआरआई का बचाव किया, भारत के साथ सहयोग का भरोसा

नयी दिल्ली। अपनी महत्वाकांक्षी ' एक क्षेत्र , एक मार्ग ' ( बीआरआई ) पहल का बचाव करते हुए चीन ने आज उम्मीद जताई कि इसके बावजूद भारत व चीन सहयोग का कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेंगे। भारत , चीन की इस महत्वाकांक्षी पहल के समर्थन में नहीं है। यह इन दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच हालिया खींचतान का प्रमुख कारण भी रहा है।

चीन के दूत लुओ चाओहुई ने यहां एक संगोष्ठी ' वुहान शिखर सम्मेलन : चीन भारत संबंध ' को संबोधित करते हुए कहा ,' हम संपर्क ( कनेक्टिविटी ) के जरिए समान विकास चाहते हैं। लुओ ने उम्मीद जताई कि विशेषकर वुहान सम्मेलन के बाद ये दोनों ' प्रमुख शक्तियां ' सहयोग की राह निकाल लेंगी। उन्होंने कहा कि चीन के लिए क्षेत्र के देशों में बीआरआई को बढ़ावा दिया जाना ' बिलकुल सामान्य बात ' है।

इसके साथ ही उन्होंने भारत को ' प्रमुख ताकत ' व उदीयमान बाजार करार दिया। ' उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच वुहान शिखर वार्ता 27–28 अप्रैल को हुई।

– पीटीआई

## रेलवे उच्च गति वाले रेल मार्गों के दोनों तरफ बनाएगी दीवार

# विज्ञापन के जरिए करेगी कमाई

नयी दिल्ली। भारतीय रेल प्रस्तावित उच्च गति के रेल मार्गों के दोनों ओर दीवार बनाने और उन पर विज्ञापन से कमाई करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। सूत्रों ने कहा कि इसके पीछे रेलवे की मंशा गैर – किराये आय में बढ़ोत्तरी की है।

सूत्रों ने कहा कि दीवारें सुरक्षा का काम करने के साथ कमाई का माध्यम भी बन सकती है। विज्ञापन से इनकी निर्माण लगात वसूलने में मदद मिलेगी। रेलवे ऐसे ठेकेदारों से बातचीत कर रही है , जो कि प्री- फैब्रिकेटेड दीवारों की आपूर्ति कर सकते हैं।उन्हें विज्ञापन की आय में हिस्सेदार बनाया जा सकता है।

योजना से जुड़े एक सूत्र ने कहा दिल्ली – मुंबई उच्च – गति गलियारे की योजना पर काम चल रहा है। इस पर सुरक्षा के लिहाज से भी इस तरह की दीवारों की जरूरत है। हम इन दीवारों पर विज्ञापन के माध्यम से कमाई करने के विकल्प पर काम कर रहे हैं। यह गलियारा सघन क्षेत्र से जाएगा। इसमें विज्ञापन बहुत ज्यादा लोगों की निगाह से गुजरेंगे।

सूत्र ने कहा कि पायलट परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। दीवरें पूरे नेटवर्क पर होंगी पर शुरुआत शहरी इलाकों से की जाएगी। हैं। यह दीवारें केवल आय के लिहाज से अहम नहीं होंगी बल्कि पटरियों पर सुरक्षा बनाए रखने , अतिक्रमण से छुटकारा पाने , मवेशियों व अन्य व्यवधानों को भी कम करने में मददगार साबित होंगी।

रेल मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जा रहा है , जिसमें ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए ध्वनि रोधक दीवारें बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है। दीवारें लगभग 7–8 फुट ऊंची होंगी और इसके दोनों तरफ विज्ञापन सामग्री लगाने का विकल्प होगा।

– पीटीआई

## जीएसटीएन...

के ढांचे में बदलाव का प्रस्ताव रखा है जिसे स्वीकार कर लिय फिलहाल जीएसटीएन में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 24.5 प्रति और इतनी ही हिस्सेदारी राज्यों के पास सामूहिक रूप से है। प्रतिशत हिस्सेदारी पांच वित्तीय संस्थानों के पास है।

जेटली ने कहा कि परिषद में सहमति बनी है कि निजी से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी ले ली जाए। अंततः इसमें केंद्र सरकार प्रतिशत और राज्यों के पास 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। उन्हों कि राज्यों की सामूहिक हिस्सेदारी प्रो राटा आधार पर होगी। अनुपात के हिसाब से राज्यों को हिस्सेदारी दी जाएगी। – पी

## देश...

डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया था। आठ सितंबर 2017 क तिमाही में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 400 अरब स्तर को पार किया था। समीक्षाधीन सप्ताह में कुल विदेशी मु का महत्वपूर्ण हिस्सा, यानी विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) अरब डॉलर घटकर 395.276 अरब डॉलर पर आ गयीं।

रिजर्व बैंक ने बताया कि विगत कुछ सप्ताह स्थिर बने रहने समीक्षाधीन सप्ताह में देश का स्वर्ण आरक्षित भंडार 2.66 करो बढ़कर 21.510 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मु (आईएमएफ) में विशेष निकासी अधिकार 1.46 करोड़ डॉल 1.523 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक ने बताया कि आईए देश का मुद्राभंडार भी 1.97 करोड़ डॉलर घटकर 2.055 अरब गया। – पी

## वर्चुअल...

को मनमाना , अनुचित और असंवैधानिक ठहराते हुए इसे व की मांग की गयी है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को गुजरात ब की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने आरबीआई और जीएसटी परिषद से जवाब मांगा है। – पी

## रोजाना...

समस्या को लेकर रोष व्यक्त करते हुए रीको प्रशासन से कार्य का आग्रह किया है।

**कारोबारियों का कहना है :** औद्योगिक क्षेत्र में नालि स्थिति खस्ताहाल है। कई सड़कें टूटी हुई हैं। ओवरलोडेड बेतरतीब वाहनों के खड़े रहने से आए दिन यातायात जाम बड़ी है। – *एस.पी. बहल, जीएम, खंडेलिया ऑयल एंड जनरल मि इंडस्ट्रीयल एरिया,*

औद्योगिक क्षेत्र में यातायात जाम बड़ी समस्या है। इस प बहुत जरूरी है। नालिया जर्जर हैं और गंदगी के चलते उद्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। – *कैलाश मित्तल केजीएम एग्रीटेक, रीको इंडस्ट्रीयल एरिया,*

सफाई ठेकेदार के काम नहीं करने के कारण औद्योगिक गंदगी का आलम है। इससे बीमारियों का खतरा बना हुआ प्रशासन को शीघ्र सफाई की दुरुस्त व्यवस्था करने पर फोक होगा। – *विनित अनेजा, डायरेक्टर, कम रीको इंडस्ट्रीयल एरिया,*


**बीएफएल एसेट फिनवेस्ट लिमिटेड**
( पूर्व में बीएफएल डवलपर्स के रूप में जानते है )
पंजीकृत कार्यालय : 1, तारानगर, अजमेर रोड, जयपुर-302006, फोन : 921401
E. : bfldevelopers@gmail.com, W.: www.bflfin.com • CIN: L45201RJ1995PLC
**सूचना**
भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ( सूचीबद्धता एवं डिस्क्लोजर आवश्यकता ) रेग्यूलेशन 201 के तहत यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 15 मई, 2018 मंगलवार बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 1, तारानगर, अजमेर रोड, जयपुर-302006 में आयोजित जिसमें ( 1 ) अन्य विषयों के साथ 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के लि अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं स्वीकृति दी जाएगी।( 2 ) 31 मार्च 2018 को समाप्त के लिये अंतिम लाभांश, यदि कोई हो। यह सूचना कंपनी की वेबसाईट www.bflfin.com और स की वेबसाईट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
निदेशक मंडल के
दिनांक : 5 मई, 2018
स्थान : जयपुर
कंपनी सचिव एवं अनुपाल